# कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

(ऑडिशन टाइम्स)




**शाहजहाँपुर।** कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सुभाष टॉवर (घन्टाघर) से मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। समारोह में मुख्य अतिथि सुरेश खन्ना ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई व लोगों से स्वयं जागरूक होकर स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनकर महानगर को देश में प्रथम स्थान पर लाने की अपील की गई अपील।

मेगा स्वच्छता जागरुकता रैली को सफल बनाने में बेसिक शिक्षा विभाग, लीड कान्वेंट स्कूल,स्वच्छता वार्ड कमेटी,हरित वसुंधरा सोसाइटी,व्यापार मंडल एवं आदि लोगो का सहयोग रहा। समारोह में सांसद अरुण कुमार सागर,जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव,राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष सुरेन्द्रनाथ वाल्मिकी,को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक एस आनन्द, अपर जिलाधिकारी रामसेवक द्विवेदी, नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा,अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, उप नगर आयुक्त आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, अंगद गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी गौतम, मुख्य अभियंता सिविल दिनेश चन्द्र सचान,स्वच्छता प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव,भाजपा जिलाध्यक्ष हरिप्रकाश वर्मा,नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता, बेसिक शिक्षा विभाग से दपिन्दर कौर, निकहत परवीन, पूनम मेहरोत्रा, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश, नगर अध्यक्ष सचिन बाथम, सुरेन्द्र सेठ, इकबाल खाँ, दिवाकर मिश्रा, वेदप्रकाश मौर्य, दिलीप गुप्ता, डीसी विनय प्रताप सिंह, डीपीएम सैफ सिद्दिकी, खादय निरीक्षक पवन कुमार, हरवंश दीक्षित, राजमंगल, चंद्रवीर सिंह सागर, सुनील कुमार शाक्य एवं अन्य संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

## 'सबने यह ठाना, महानगर को स्वच्छ बनाना'

# इंदौर को पीछे छोड़ शाहजहांपुर को अव्वल लाएं : सुरेश खन्ना

## स्वयं करेंगे सफाई तो महानगर भी होगा साफ : डीएम

### शहर का कूड़ा जमीन नहीं छूएगा : नगरायुक्त

शेखर टाइम्स संवाददाता

**शाहजहांपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के अन्तर्गत नगर निगम ने मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। महानगर को स्वच्छ बनाने हेतु कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई गई।

सुभाष टावर घंटाघर से मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली प्रारम्भ हुई। मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जो सुभाष टावर (घंटाघर)से बहादुरगंज, सदर चौराहा होते हुये शहीद उद्यान पर समापन हुआ। नेतृत्व मुख्य अतिथि सुरेश कुमार खन्ना मंत्री,वित्त एवं संसदीय चिकित्सा शिक्षा विभाग उ0प्र0 द्वारा किया गया। उन्होंने अपेक्षा की कि अब लोगों को स्वयं जागरूक होकर स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनकर को साफ एवं स्वच्छ बनाना है। उन्होंने कहा कि जो स्वच्छता सर्वेक्षण 4 जनवरी को होने वाला था वह अब दो महीने आगे बढ़ गया है जिसकी वजह से जिले के लोगों को अब काफी समय मिल गया कि वह जनपद को राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता



सर्वेक्षण में अव्वल लाएं।

**जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह** ने नगर वासियों से मेरा कूड़ा मेरी जिम्मेदारी के तहत अपने कूड़े की स्वंय जिम्मेदारी लेकर उसका निस्तारण करने की अपील की। **नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा** ने लोगों से नगर को साफ- स्वच्छ बनाने हेतु सफाई व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की । उन्होंने नगर को प्रथम स्थान पर लाने के उद्देश्य से नगर वासियों से सक्रिय प्रतिभाग करने का आवाहन किया।

समारोह में लीड कान्वेन्ट के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता हेतु जागरूक किया गया। मेगा रैली में मंत्री ने जलकर दुकान-दुकान जाकर उनके स्वामियों को दुकान में डस्टबिन रखने का कहा और दुकान के बाहर कचरा न फेंके इसकी अपील की। मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली में मंत्री ने रैली के समय दुकानदारों से गन्दगी न करने एवं दुकानों के पास गाड़ियों न खड़ी करने की अपील की ।

सफल बनाने में बेसिक शिक्षा विभाग, लीड कान्वेन्ट स्कूल, स्वच्छता वार्ड कमेटियों एवं समस्त व्यापार मंडलों का सहयोग रहा। संचालन इन्दु अजनवी ने किया।

मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली के अन्तर्गत मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, द्वारा शहीद पार्क में शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। सांसद अरूण सागर, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, कोपरेटिव बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ बाल्मीकि, पुलिस अधीक्षक एस0 आनन्द, अपर जिलाधिकारी राम सेवक द्विवेदी, अपर नगर आयुक्त एस0के0सिंह, उप नगर आयुक्त आशुतोष दुबे, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती व अंगद गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी ओ0पी गौतम, मुख्य अभियन्ता दिनेश चन्द्र सचान, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिप्रकाश वर्मा, नगर अध्यक्ष अरूण गुप्ता, छावनी परिषद उपाध्यक्ष अवेधश दीक्षित, स्वच्छता प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव, पूनम मेहरोत्रा, दपिन्दर मिश्रा, निकहत परवीन एवं व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश, नगर अध्यक्ष सचिन वाथम, सुरेन्द्र सेठ, इकबाल खाँ, दिवाकर मिश्रा, दिलीप गुप्ता, वेद प्रकाष मौर्या, रजनीष मौर्या, नितेष गुप्ता, डी0सी0 विनय प्रताप सिंह,डी0पी0एम0 सैफ सिददीकी, इस्लामियां स्कूल के प्रधानाचार्य मो0 आमीन, फहीम, फैसल रियाज, मो0 हारून, मो0 वासिक, हसमत खां, तस्दीक, मुजीव उपस्थित रहे।

## पुवायां रोड पर 30 वेड के अस्पताल को मंजूरी

श्रम विभाग की ओर से एक नया अस्पताल भी बनने वाला है। जिसका जल्द ही निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि जनपद में काफी काम होने बाकी है। लेकिन कोशिशों से जो काम हो रहे हैं उन्हें जल्द पूर्ण करने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने बताया कि 30 वेड का अस्पताल पुवायां रोड की ओर बनाया जाएगा। श्रम विभाग की ओर से बनने वाले अस्पताल को मंजूरी मिल गई है। बीमारियों से लड़ने के लिए अधिक संख्या में उच्च डॉक्टर होंगे।

# शाहजहांपुर को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छ जागरूकता रैली का हुआ आग़ाज़






- नगर निगम द्वारा स्वच्छ जागरूकता रैली को निकाला गया
- वित्त मंत्री ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- हम सबने यह ठाना है शाहजहांपुर को स्वच्छ बनाना है -सुरेश खन्ना



**शाहजहांपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण.2021 नगर निगम द्वारा आज मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। आयोजन में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने शाहजहॉपुर को स्वच्छ बनाने हेतु कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को शपथ दिलाई। नगर निगम के तत्वाधान में सुभाष टावर घटांघर से मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व मुख्य अतिथि वित एवं संसदीय चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया। इस मौके पर मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को शपथ दिलाई व अपेक्षा की कि अब लोगो को स्वंय जागरूक होकर स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनकर शाहजहॉपुर को साफ एवं स्वच्छ बनाना है तथा स्वच्छता सर्वेक्षण.2021 में सक्रिय प्रतिभाग कर महानगर को देश में प्रथम स्थान पर लाना है। जिलाधिकारी द्वारा नगर वासियो से मेरा कूड़ा मेरी जिम्मेदारी के तहत अपने कूड़े की स्वंय जिम्मेदारी लेकर उसका निस्तारण करने की अपील की गई। इसके साथ ही नगर आयुक्त द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो से नगर को साफ स्वच्छ बनाने हेतु सफाई व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की गई तथा स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में नगर को प्रथम स्थान पर लाने के उद्देष्य से समस्त नगर वासियो से सक्रिय प्रतिभाग करने की अपील की गई। समारोह में स्कूल के बच्चो द्वारा नुकड़ नाटक के माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को स्वच्छता हेतु जागरूक किया गया। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली सुभाष टावर घंटाघर से बहादुरगंजए सदर चौराहा होते हुये शहीद उद्यान पर समापन हुआ। मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली में मंत्री द्वारा रैली के समय दुकानदारो से गन्दगी न करने एवं दुकानों के पास गाड़ियां न खड़ी करने की अपील की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से बेसिक शिक्षा विभागए स्कूली बच्चेए स्वच्छता वार्ड कमेटियों का सहयोग रहा और इस मौके पर सभी व्यापारी संगठनों ने प्रतिभाग कर रैली में हिस्सा लिया जिला अधिकारी विक्रम सिंह पुलिस अधीक्षक एस आनंद नगर निगम के नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा सहायक नगर आयुक्त, के दूबे स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओ पी गौतम समेत कुलदीप सिंह दुआ सचिन बॉथम किशोर कुमार गुप्ता सांसद अरुण सागर भाजपा जिला अध्यक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष स्काउट गाइड कैप्टन दपिंदर कौर निखत परवीन का विशेष सहयोग रहा तथा सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नगर निगम को प्रथम स्थान के लिए जनता का सहयोग जरूरी

**शाहजहांपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नगर निगम विभाग ने मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

शहर के घंटाघर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना ने मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली में भाग लेने आए लोगो को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि अब लोगो को स्वंय जागरूक होकर स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनकर शाहजहॉपुर को साफ एवं स्वच्छ बनाना है तथा स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 में सक्रिय प्रतिभाग कर महानगर को देश में प्रथम स्थान पर लाना है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने महानगर को स्वच्छ बनाने के लिए युद्धस्तर पर भाग लेने की अपील की सुभाष टावर घटांघर से मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली में जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि नगर वासियो से मेरा कूड़ा मेरी जिम्मेदारी के तहत अपने कूड़े की स्वंय जिम्मेदारी लेकर उसका निस्तारण कि कोशिश करना होगी ।ताकि जिले को प्रथम स्थान मिल सके इस अवसर पर



नगर आयुक्त शंतोष शर्मा ने लोगो से नगर को साफ स्वच्छ बनाने हेतु सफाई व्यवस्था में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में नगर निगम को प्रथम स्थान पर लाने के उद्देष्य से सभी नगर वासियो से सक्रिय प्रतिभाग करना होगा । समारोह में स्कूल के बच्चो द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को स्वच्छता के लिए जागरूक किया । कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली सुभाष टावर घंटाघर से बहादुरगंज, सदर चौराहा होते हुये शहीद उद्यान पर समापन हुआ। मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली में मंत्री द्वारा रैली के समय दुकानदारो से गन्दगी न करने एवं दुकानों के पास गाड़ियां न खड़ी करने की अपील की गई। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त एस के सिंह , पुलिस अधीक्षक एस आंनद व बेसिक शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार सहित कई अधिकारीयों ने स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक किया मेगा रैली को सफल बनाने में बेसिक शिक्षा विभाग, स्कूली बच्चे, स्वच्छता वार्ड कमेटियों का सहयोग रहा।